हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 30 जनवरी 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 22.2 डिग्री
न्यूनतम 11.2 डिग्री

4
शहर के हर जोन में बढ़ सकता है प्रापर्टी टैक्स, गाइड लाइन में हो रहा सुधार



## खबर संक्षेप

### खेल ग्राउंड में आज व कल प्रदर्शन करेंगे खिलाड़ी

**पत्थलगांव।** सरगुजा ओलम्पिक के संबंध में नगर के हाईस्कूल खेल ग्राउंड में 30 और 31 जनवरी को पंजीकृत खिलाड़ी विभिन्न खेलों में अपना प्रदर्शन करेंगे। जनपद सीईओ केके श्रीवास ने बताया कि सरगुजा ओलम्पिक के लिए किए गए ऑनलाइन पंजीयन के खिलाड़ियों को 30 और 31 जनवरी को हाईस्कूल के खेल ग्राउंड में खेल खिलाया जाएगा। एथलेटिक्स सभी इवेंट दोनों आयु वर्ग में खो खो (दोनो आयु वर्ग) रस्साकसी (महिला) वालीबाल (दोनों वर्ग) बास्केटबॉल (दोनों आयु वर्ग) कबड्डी (दोनों आयु वर्ग) कुश्ती (दोनों आयु वर्ग) बैडमिंटन (दोनों आयु वर्ग) तिरंदाजी (दोनों आयु वर्ग) फुटबॉल (दोनों आयु वर्ग में ) हॉकी दोनों आयु वर्ग में होना है।

### शासन के निर्देशानुसार लिया जाएगा सम्पत्ति कर

**जशपुरनगर।** जनपद पंचायत बगीचा से प्राप्त जानकारी अनुसार एक साथ संपत्ति कर लेने हेतु निर्देशित नहीं किया गया है। शासन के निर्देशानुसार सम्पत्ति कर लेना है, जो प्रति हजार, दो रूपये लिया जा रहा है। जिसे एक साथ जमा किया जा सकता हैं। शेष अपनी सुविधानुसार जमा कर सकते हैं। किसी से जबरदस्ती सम्पत्ति कर नहीं लिया जा रहा है। ग्राम सभा में सर्व सहमति से लिये गये निर्णय के आधार पर सम्पत्ति कर निर्धारित किया गया है, इसमें किसी प्रकार की अनियमितता नहीं है।

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। जशपुर तहसील अंतर्गत ग्राम टेकूल निवासी स्व. कमलेश्वर राम का कुआं के पानी में डूबने से 16 मार्च 2025 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पत्नी राजमनी बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### कांग्रेस जिले के प्रत्येक ब्लॉक में आज करेगी चक्काजाम

**जशपुरनगर।** धान खरीदी की अंतिम तिथि बढ़ाने तथा मनरेगा को रद्द किए जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिलेभर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन एवं सांकेतिक चक्का जाम किया जाएगा। यह कार्यक्रम 30 जनवरी शुक्रवार को जिले के समस्त संगठन ब्लॉकों में आयोजित होगा। यह कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस कमेटी निर्देशानुसार और जिला कांग्रेस कमेटी जशपुर के आव्हान पर हो रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से किसानों की धान खरीदी से जुड़ी समस्याओं एवं मनरेगा के रद्द होने से ग्रामीण मजदूरों पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री महेश कुमार त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि धान खरीदी की निर्धारित तिथि समाप्त होने के बावजूद बड़ी संख्या में किसान अब तक अपना धान नहीं बेच पाए हैं, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### ओरसा घाट बस दुर्घटना में गंभीर ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** ग्राम पीपर सोत सहित आसपास के ग्रामीण परिवार सहित 16 जनवरी को एक स्कूल बस से झारखंड जा रहे थे। इस दौरान बस ओरसा घाटी पर अनियंत्रित होकर पलट गई थी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि घटना स्थल पर ही चार लोगों की मौत हो गई थी जबकि अन्य 6 लोगों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल ग्रामीण का अभी भी उपचार चल रहा है। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल ग्राम खड़ियाडामर निवासी सूरज सोनवानी ने इलाज के दौरान सोमवार को दम तोड़ दिया। सूरज सोनवानी की पत्नी एवं पुत्र की भी दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे तथा अस्पताल में भर्ती है।

## जनप्रतिनिधियों की उदासीनता ने ऐतिहासिक बाजार की छीन ली रौनक

# 100 साल पुराना नारायणपुर साप्ताहिक बाजार बदहाल, लोगों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले की पहचान माने जाने वाले नारायणपुर के साप्ताहिक बाजार की हालत आज किसी से छुपी नहीं है। एक समय जिले भर में मशहूर रहा यह बाजार आज अव्यवस्था, टूट-फूट और उपेक्षा का जीता-जागता उदाहरण बन चुका है। मंगलवार को लगने वाला यह साप्ताहिक बाजार ब्रिटिश शासन काल से लगातार लग रहा है, यानी इसे अस्तित्व में आए 100 वर्ष से भी अधिक का समय हो चुका है।

नारायणपुर का यह साप्ताहिक बाजार केवल व्यापार का स्थान नहीं, बल्कि आसपास के दर्जनों गांवों की आर्थिक जीवनरेखा रहा है। यहां दूर-दराज के ग्रामीण अपनी उपज और जरूरत का सामान खरीदने-बेचने आते थे। लेकिन आज यही बाजार टूटे शेड, उखड़े फर्श और अव्यवस्थित ढांचे के कारण अपनी पहचान खोता जा रहा है।





### 10–15 साल पुराने बाजार चमक रहे, 100 साल पुराना उपेक्षित

ग्रामीणों की नाराजगी इसलिए भी बढ़ती जा रही है क्योंकि नारायणपुर से कुछ ही दूरी पर स्थित बनकोम्बो, हर्राडांड़ और कलीबा जैसे क्षेत्रों में साप्ताहिक बाजारों की शुरुआत महज 10–15 वर्ष पूर्व हुई है। इन स्थानों पर जनप्रतिनिधियों की सक्रियता और विकास के प्रति गंभीरता के चलते आकर्षक और आधुनिक शेडों का निर्माण हो चुका है, जिससे बाजारों की सुंदरता और सुविधा दोनों बढ़ी हैं। वहीं दूसरी ओर, 100 वर्षों से लग रहा नारायणपुर का ऐतिहासिक बाजार आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है।

### ग्रामीणों का आरोप – स्वार्थ के लिए राजनीति, विकास से दूरी

ग्रामीणों का कहना है कियह स्थिति साफ दर्शाती है कि जनप्रतिनिधि जनता और क्षेत्र के विकास के लिए नहीं, बल्कि केवल अपने स्वार्थ के लिए काम कर रहे हैं।यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो यह ऐतिहासिक बाजार पूरी तरह समाप्ति की ओर बढ़ सकता है।

### टूटे शेड, उखड़ा फर्श, बरसात में तिरपाल के सहारे व्यापार

बाजार परिसर में व्यापारियों के लिए बनाए गए शेड पूरी तरह जर्जर अवस्था में हैं। कई स्थानों पर छतें टूट चुकी हैं और फर्श जगह-जगह से उखड़ गया है। बरसात के मौसम में हालात और भी भयावह हो जाते हैं, जब व्यापारी तिरपाल लगाकर किसी तरह अपना सामान बचाते हुए व्यापार करने को मजबूर होते हैं। इससे न केवल व्यापार प्रभावित होता है, बल्कि दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।

### नीलामी से लाखों की आय फिर भी विकास शून्य

ग्रामीणों का कहना है कि नारायणपुर साप्ताहिक बाजार की प्रतिवर्ष नीलामी होती है, जिसकी बोली एक से डेढ़ लाख रुपये के बीच जाती है। यदि पंचायत चाहे तो इसी राशि से बाजार की मरम्मत और नए शेड का निर्माण आसानी से कराया जा सकता है। लेकिन पंचायत और जनप्रतिनिधियों की इच्छाशक्ति की कमी के कारण आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

## घर के बाहर टहल रहा था युवक भालू ने अचानक किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर जिले के बगीचा क्षेत्र के ग्राम देवडॉण्ड में देर रात एक युवक पर जंगली भालू ने अचानक हमला कर दिया। घर के सामने टहल रहे युवक को भालू ने बुरी तरह नोच डाला। भालू के हमले से युवक बेहोश हो गया भालू ने मृत साख युवक को छोड़ चलते बना, होश आते ही खून से लथपथ हालत में युवक किसी तरह घर पहुंचा, जिसके बाद परिजन उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद युवक को गंभीर अवस्था में अम्बिकापुर रेफर किया गया है, जहां उपचार जारी है।

### डॉक्टरों ने किया रेफर

परिजनों ने बिना देर किए उसे बगीचा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल अम्बिकापुर रेफर कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार युवक की स्थिति अब स्थिर बताई जा रही है।

### गांव में फैली दहशत

घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन अमले से इलाके में गश्त बढ़ाने और लोगों को सतर्क करने की मांग की है।



■ लहूलुहान हालत में अम्बिकापुर रेफर

### जंगल की ओर लौटा भालू

जानकारी के मुताबिक वीरेंद्र यादव उम्र 23 वर्ष पिता नंदकुमार यादव सोमवार रात करीब 10 बजे घर के बाहर टहल रहे थे। इसी दौरान अंधेरे में अचानक जंगली भालू सामने आ गया और युवक पर झपट पड़ा। अचानक हुए हमले से युवक संभल नहीं सका और जमीन पर गिर पड़ा। भालू के हमले से उसके शरीर पर कई जगह गहरे जख्म आए और अधिक रक्तस्राव होने से वह बेहोश हो गया। बताया जा रहा है कि हमले के बाद भालू कुछ देर तक युवक के पास मंडराता रहा। युवक के निष्क्रिय पड़े रहने पर भालू जंगल की ओर लौट गया। थोड़ी देर बाद होश आने पर घायल युवक किसी तरह घर पहुंचा। उसकी हालत देख परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

## 2 फरवरी तक मंदिर के कपाट न खुलने पर 5 फरवरी से जनांदोलन का अल्टीमेटम

# कैलाशगुफा शिव मंदिर के कपाट न खुलने का विरोध, लोगों में आक्रोश

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध एवं पौराणिक धार्मिक स्थल कैलाश गुफा स्थित शिव मंदिर को लंबे समय से बंद रखे जाने को लेकर क्षेत्र में असंतोष चरम पर पहुंच गया है। स्थानीय श्रद्धालुओं, सनातन समाज और धार्मिक संगठनों ने जिला प्रशासन के विरुद्ध नाराज़गी जताते हुए कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर मंदिर के कपाट तत्काल खुलवाने की मांग की है। समाज ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 2 फरवरी 2026 तक मंदिर नहीं खोला गया, तो 5 फरवरी से कैलाश गुफा परिसर में विशाल एवं अनिश्चितकालीन जनआंदोलन शुरू किया जाएगा।

ज्ञापन में बताया गया है कि कैलाश गुफा स्थित शिव मंदिर की स्थापना गहिरा गुरु द्वारा वर्षों की कठोर साधना के पश्चात की गई थी। इस पवित्र स्थल के निर्माण, संरक्षण एवं विकास में सनातन परंपरा से जुड़े संतों, भक्तों और समाज के लोगों का अथक श्रम, अंशदान एवं सहयोग रहा है। इसके बावजूद कोरोना काल के बाद से आज तक मंदिर के कपाट बंद हैं, जिससे श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेंस पहुंच रही है।



### पारदर्शी व्यवस्था के लिए नई समिति गठन की मांग

श्रद्धालुओं का कहना है कि वर्तमान में मंदिर संचालन के लिए कोई संगठित सार्वजनिक ट्रस्ट या विधिवत समिति सक्रिय नहीं है, जिसके कारण अव्यवस्था बनी हुई है। समाज ने प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र एक नया सार्वजनिक ट्रस्ट गठित किया जाए, ताकि मंदिर का संचालन पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से किया जा सके।

### लगातार आश्वासन देकर किया गया टालमटोल

श्रद्धालुओं ने आरोप लगाया है कि मंदिर संस्था के अध्यक्ष बभ्रुवाहन सिंह द्वारा लगातार आश्वासन दिए जाने के बावजूद अब तक मंदिर खोलने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई। समाज का कहना है कि 6 अक्टूबर को इस संबंध में अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा गया था, जिस पर संत समाज के एक पदाधिकारी द्वारा 45 दिनों के भीतर मंदिर खोलने का भरोसा दिलाया गया था, लेकिन तय समयसीमा समाप्त होने के बाद भी मंदिर बंद ही रहा।

# एबीपीवी ने दिया साइबर सुरक्षा एवं करियर मार्गदर्शन

**जशपुरनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वधान में 28 जनवरी को शाउमा विद्यालय बरगांव में साइबर सुरक्षा तथा करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक करना था। भारतीय परम्परा के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती और युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विषय विशेषज्ञ तथा ₹जय हो जशपुर₹ विकासखण्ड समन्वयक गुरुदेव प्रसाद ने डिजिटल युग में बढ़ती तकनीकी चुनौतियों एवं उसके व्याप्त दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए तथा ऑनलाइन ठगी के सच्ची घटनाओ का उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार सोशल मीडिया, मोबाइल फोन, ऑनलाइन गेम्स और इंटरनेट का सुरक्षित व जिम्मेदार उपयोग किया जाए। विद्यार्थियों को पासवर्ड सुरक्षा, ओटीपी की गोपनीयता, फर्जी कॉल व लिंक से बचाव, साइबर बुलिंग और ऑनलाइन धोखाधड़ी जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी। इस मौके पर अभाविप जिला संयोजक जशपुर मनमोहन ⏭ शेष पेज 4 पर



## धान लोड ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**डांड़गांव।** बीती रात ट्रैक्टर से टकराकर बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। दुर्घटना में घायल युवकों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और घटना की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि मैनपाट परपटिया निवासी 16 वर्षीय महेंद्र यादव पिता गंगाराम यादव व कुन्नी निवासी 19 वर्षीय विजय लाल यादव आ. शिव प्रसाद यादव 27 जनवरी को बाइक क्रमांक सीजी 15 डीयू 5066 से घूमने के नाम पर निकले हुए थे। दोनों युवक रात लगभग 9 बजे उदयपुर से डांडगांव की ओर जा रहे थे। इस दौरान तिराहे के पास ग्राम पंचायत सलबा से धान लोड बिना नम्बर का ट्रैक्टर अचानक ही नेशनल हाईवे 130 पर आ गया। ट्रैक्टर में धान लोड था और चालक धान लेकर समिति की तरफ जा रहा था। धान लोड ट्रैक्टर से टक्कर के बाद दोनों युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गए जबकि चालक ट्रैक्टर को छोड़कर मौके से फरार हो गया।

## ऑनलाइन पार्ट-टाइम जॉब लगवाने का लालच देकर ग्रामीण से 6.64 लाख की ठगी

**बिश्रामपुर।** ऑनलाइन पार्ट-टाइम जॉब लगवाने और मोटे बोनस राशि मिलने का लालच देकर साइबर ठगों द्वारा कई लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। बिश्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुरूवां निवासी युवक से ठगों ने करीब 6 लाख 64 हजार 500 रुपए की रकम हड़प ली है,पीड़ित ने पूरे मामले की शिकायत थाना बिश्रामपुर सहित साइबर क्राइम पोर्टल पर दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार 36 वर्षीय अभय प्रताप पिता ओमप्रकाश जो वर्तमान में गुमला झारखंड में निजी नौकरी करता है, उसके मोबाइल नंबर पर 2 दिसंबर 2025 को एक अनजान नंबर से व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया,ग्रुप में पार्ट-टाइम जॉब कर पैसे कमाने का झांसा देते हुए बताया गया कि छोटे-छोटे टास्क पूरे करने पर प्रति टास्क 50 रुपए मिलेंगे,शुरुआत में विश्वास दिलाने के लिए टेलीग्राम ऐप डाउनलोड कराकर टास्क करवाए गए और वास्तविकता में कुछ रकम उसके यूपीआई खाते में भेजी गई,इससे युवक का भरोसा और बढ़ गया,इसके बाद ठगों ने पेड टास्क और डेढ़ गुना बोनस का लालच देकर अलग-अलग यूपीआई आईडी और बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करवाने शुरू कर दिए,3 दिसंबर से 10 दिसंबर 2025 के बीच अभय प्रताप से कई चरणों में अलग-अलग खातों में रकम जमा कराई,इस दौरान उसने छोटे-बड़े अमाउंट मिलाकर कुल 6 लाख 64 हजार 500 रुपए विभिन्न यूपीआई आईडी और बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिए, इस दौरान हर बार टास्क पूरा होने और बोनस मिलने का भरोसा दिया जाता रहा। जब पीड़ित ने जमा रकम निकालने की मांग की, तो ठगों ने नया पेंच फंसा दिया,उसे बताया गया कि उसका स्कोर 100 में से 91 है, इसलिए रकम निकालने के लिए स्कोर खरीदना जरूरी है, जिसकी कीमत 48,099 रुपए प्रति स्कोर बताई गई।

■ पीड़ित ने क्राइम पोर्टल पर दर्ज कराई एफआईआर

## उद्यानिकी नवाचारों से बढ़ रही किसानों की आय, स्ट्रॉबेरी व ऑयल पाम बने नई पहचान



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि विकास योजना के अंतर्गत केन्द्रीय नोडल अधिकारी एवं उप कृषि विपणन सलाहकार बीके प्रुस्ती ने जिले का भ्रमण कर जिले में संचालित उद्यानिकी गतिविधियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों द्वारा अपनाए गए नवाचारों, विभागीय सहयोग और योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन की सराहना की। भ्रमण के दौरान केंद्रीय नोडल अधिकारी बी.के. प्रुस्ती ने जशपुर जिले में उद्यानिकी क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि नवाचार, ⏭ शेष पेज 4 पर

■ प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि विकास योजना के केंद्रीय नोडल अधिकारी ने किया जशपुर का भ्रमण

### स्ट्रॉबेरी की खेती से बदली आय की तस्वीर

भ्रमण के दौरान केंद्रीय नोडल अधिकारी ने ग्राम गम्हरिया में कृषक श्री रमेश गर्ग के स्ट्रॉबेरी प्रक्षेत्र का अवलोकन किया। कृषक ने बताया कि उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन एवं सहयोग से उन्होंने नवाचार फसल के रूप में स्ट्रॉबेरी की खेती को अपनाया है। राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजनांतर्गत 1 हेक्टेयर क्षेत्र में स्ट्रॉबेरी विस्तार हेतु 80 हजार रुपये की अनुदान राशि प्रदाय की गई है। कृषक ने बताया कि इस फसल से उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और क्षेत्र के अन्य कृषक भी स्ट्रॉबेरी खेती के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

### अघोर आश्रम में फल विविधता का अनूठा उदाहरण

केंद्रीय नोडल अधिकारी प्रुस्ती ने उद्यानिकी, कृषि एवं मत्स्य विभाग के अधिकारियों के साथ अघोर आश्रम, गम्हरिया का भ्रमण किया। यहां मनरेगा के माध्यम से लगभग साढ़े 12 एकड़ क्षेत्र में रोपित आम, लीची, सेव एवं चीकू के पौधों का अवलोकन किया गया। आश्रम प्रबंधक श्री कृष्णा सिंह ने जानकारी दी कि आम की 53 विभिन्न किस्मेंकृजैसे बादाम, केसर, पुनसा, मियाजाकी, ब्लैक स्टोन, थाई मैंगो, बनाना मैंगो, बस्तर वैरायटीकृसहित लीची की 5 किस्मों एवं अन्य फलदार पौधों का रोपण कराया गया है। उन्होंने बताया कि इस पहल से भविष्य में क्षेत्रवासियों को विविध प्रकार के फलों का स्वाद और किसानों को बेहतर आजीविका का अवसर मिलेगा। केंद्रीय नोडल अधिकारी को अवगत कराया गया कि जशपुर जिले में उद्यानिकी क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें योजनाबद्ध तरीके से उपयोग में लाने की आवश्यकता है।

## सोलर टनल ड्रायर की स्थापना, जिले में दिया जा रहा नवाचार को बढ़ावा

# महुआ से बनाई जा रही विभिन्न खाद्य सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर में नवाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला पहले से ही महुआ फूल के मूल्य संवर्धन के क्षेत्र में अग्रणी जिलों में गिना जाता है। यहां महुआ आधारित विभिन्न खाद्य उत्पादों पर कार्य हो रहा है, जिनमें महुआ नेक्टर, महुआ चवन्यप्राश, महुआ लड्डू, कुकीज़ एवं अन्य पारंपरिक खाद्य उत्पाद शामिल हैं। इसके बावजूद, पूरी मूल्य श्रृंखला में खाद्य-ग्रेड महुआ संग्रह और सुरक्षित निर्जलीकरण एक प्रमुख चुनौती बना हुआ है।

■ वनौषधियों के प्रसंस्करण को मिला वैज्ञानिक आधार

इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा स्वीकृत एक परियोजना जिले में क्रियान्वित की जा रही है। यह परियोजना द्वारा वैज्ञानिक डॉ. प्रसन्ना कुमार जीवी को प्रदान की गई है, जिसे वे जशपुर जिले में स्थानीय सहभागिता के साथ लागू कर रहे हैं। परियोजना के एक महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान, कुंडली के वैज्ञानिक डा. प्रसन्ना कुमार जीवी द्वारा जिले में सोलर टनल ड्रायर की स्थापना की गई है। इस कार्य में स्थानीय स्तर पर जय जंगल फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का सहयोग रहा है। इस विषय पर फूड प्रोसेसिंग कंसल्टेंट एवं युवा वैज्ञानिक समर्थ जैन ने बताया, "जशपुर में महुआ का मूल्य संवर्धन भले ही आगे बढ़ चुका हो, लेकिन ताज़े महुआ फूलों को खाद्य-ग्रेड मानकों के अनुसार सुखाना अभी भी एक निर्णायक चुनौती है। पारंपरिक खुले में सुखाने की प्रक्रिया में धूल, नमी और कीटों के कारण गुणवत्ता प्रभावित होती है, जिससे खाद्य उपयोग और बाज़ार की संभावनाएं सीमित हो जाती हैं।" उन्होंने कहा कि इन्हीं व्यावहारिक समस्याओं को देखते हुए इस परियोजना के तहत वैज्ञानिक और नियंत्रित निर्जलीकरण प्रणाली की आवश्यकता महसूस की गई, जिससे महुआ को सुरक्षित रूप से खाद्य उपयोग और बाज़ार से जोड़ा जा सके। स्थापित सोलर टनल ड्रायर के माध्यम से ⏭ शेष पेज 4 पर



## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट कार्यो के लिए मौसम विज्ञानी भट्ट हुए सम्मानित

**अम्बिकापुर।** पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा संचालित मौसम विज्ञान विभाग के प्रादेशिक मौसम केंद्र द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह में उत्कृष्ट करने वाले अधिकारी-अधिकारियों को हर साल सम्मानित किया जाता है। विभाग द्वारा इस बार उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रदेश भर के 6 अधिकारी-कर्मचारियों का चयन किया गया था। विभाग द्वारा मौसम विज्ञान केन्द्र अम्बिकापुर के मौसम विज्ञानी बी अक्षय कुमार भट्ट को उत्कृष्ट कार्यो के लिए प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



### स्कूल परिसर में गाली गलौज करने वाले दो गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** कुसमी के नवाडीहकला में दो युवकों एन शराब के नशे में जमकर उत्पात मचाया। युवकों ने स्कूल परिसर में गाली गलौज करने के साथ ही शिक्षकों को मारने की धमकी दी। अब इस मामले में प्रशासन के निर्देश पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एसडीएम कुसमी करूण डहरिया ने बताया कि विकासखंड कुसमी के अंतर्गत तहसील चांदो के ग्राम नवाडीहकला में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला बरवाडीह के सामने डूमरखोरका नवासी 19 वर्षीय विकास पैकरा व 19 वर्षीय संजय कोरवा ने शराब के नशे में शोर-शराबा करते हुए विद्यालय के शिक्षकों को मारपीट करने की धमकी दी। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा उक्त मामले की शिकायत थाना चांदो में की गई। शिकायत की जांच हेतु दोनों युवकों को थाना चांदो लाया गया। जहां दोनों से पूछताछ की गई, पूछताछ के दौरान दोनों युवक आक्रोश में आकर शिकायतकर्ताओं एवं पुलिस कर्मचारियों से वाद-विवाद करने लगे। थाना में विवाद की स्थिति को देखते हुए, दोनों युवकों के विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत इस्तगासा तैयार कर अनुविभागीय दंडाधिकारी कुसमी के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां न्यायालय अनुविभागीय दंडाधिकारी कुसमी के द्वारा दोनों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर जेल भेज दिया है।

### पागल कुत्ता के काटने से गंभीर वृद्ध की गई जान

अम्बिकापुर। दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम तुरना निवासी झनक राम राजवाड़े आ. स्व. चमरा राम राजवाड़े (65 वर्ष) 31 दिसंबर की रात पत्नी के साथ घर में था। इसी दौरान रात लगभग 8 बजे बाथरूम करने घर के बाहर निकला। जैसे ही बाथरूम करने के पश्चात घर जाने के लिए मुड़ा तभी आवारा पागल कुत्ता ने उस पर हमला कर दिया। कुत्ता ने वृद्ध के उंगली को काट लिया जबकि चेहरे को पंजा से जख्मी कर दिया। इधर किसी तरह वृद्ध पागल कुत्ता से बचकर घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन ने दूसरे दिन मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार कराया तथा बीच बीच में इंजेक्शन लगवाने के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर भी आए। 26 जनवरी को वृद्ध की हालत काफी बिगड़ गई तो परिजन ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां आज तड़के उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### चोरों ने आईसीयू में भर्ती मरीज के बैग से पार किया रूपए

अम्बिकापुर। लटोरी अंतर्गत ग्राम जगतपुर निवासी शबरन राम की तबीयत ज्यादा खराब हो जाने पर परिजन ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आईसीयू में दाखिल कराया। बीती रात चोरों ने मरीज के पुत्र श्याम कुमार के बैग में रखे नगद 12 सौ रुपए को पार कर दिया। घटना की जानकारी सुबह लगी जब श्याम कुमार बैग में रखे रुपए निकालने लगा तो पता चला कि बैग में रुपए ही नहीं है। घटना की शिकायत श्याम कुमार ने अस्पताल के पुलिस से की है।

### विलुप्तप्राय गिद्ध के बच्चे का रेस्क्यू, छोड़ा गया जंगल में

**प्रतापपुर।** नगर में एक दुर्लभ और विलुप्तप्राय प्रजाति के गिद्ध के बच्चे के मिलने से क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया। नगर के मनीष गुप्ता के घर में एक छोटा गिद्ध पाया गया, जो उड़ने में असमर्थ था और काफी कमजोर अवस्था में था। घर के सदस्यों ने जब गिद्ध के बच्चे को उड़ते हुए नहीं देखा तो उन्होंने इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सावधानीपूर्वक गिद्ध के बच्चे का रेस्क्यू किया। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि यह गिद्ध विलुप्तप्राय प्रजाति का है, जिसे आज के समय में देख पाना बेहद दुर्लभ हो गया है। आवश्यक देखभाल के बाद गिद्ध के बच्चे को सुरक्षित रूप से जंगल में छोड़ दिया गया। गौरतलब है कि एक समय बड़ी संख्या में पाए जाने वाले गिद्ध अब लगभग दिखाई नहीं देते, ऐसे में प्रतापपुर जैसे क्षेत्र में गिद्ध के बच्चे का मिलना पर्यावरण संतुलन और जैव विविधता की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण घटना मानी जा रही है।



## नगरवासियों ने दी आंदोलन की चेतावनी, लोगों में आक्रोश

# अम्बिकापुर-गढ़वा मुख्य मार्ग निर्माण में भारी लापरवाही, धूल-गड्ढों से त्रस्त



धूलधुसरित सड़क।

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

छत्तीसगढ़ और झारखंड को जोड़ने वाला अत्यंत महत्वपूर्ण अम्बिकापुर–गढ़वा मुख्य मार्ग बदहाली का शिकार हो चुका है। एनएच 343 की पर प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं और यही मार्ग व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं तथा आपातकालीन आवागमन की प्रमुख जीवन रेखा माना जाता है लेकिन वर्तमान में इस मार्ग पर चल रहा निर्माण कार्य आम जनता के लिए राहत की बजाय एक बड़ी मुसीबत बन गया है। धीमी रफ्तार, अधूरा निर्माण, गड्ढे, उड़ती धूल और सुरक्षा इंतजामों की भारी कमी के कारण लोग रोजमर्रा की परेशानी झेलने को मजबूर हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि सड़क निर्माण के नाम पर केवल दिखावटी गतिविधियां की जा रही हैं। ठेकेदार द्वारा राजपुर और अंबिकापुर के बीच सिर्फ तीन स्थानों चांची और परसागुड़ी में पोकलेन मशीनें खड़ी कर काम चलता हुआ दर्शाया जाता है। इसके अलावा परसा में नाली निर्माण और पुल पुलिया के काम चल रही हैं जबकि वास्तविकता में मशीनें घाटों निष्क्रिय खड़ी रहती है। लंबे इंतजार के बाद एनएच 343 के निर्माण कार्य की शुरुआत तो हुई, लेकिन इसकी धीमी गति और अव्यवस्था अब जनता के लिए आफत बनती जा रही है। यातायात सुरक्षा को लेकर निर्माण एजेंसी ने लगभग कोई व्यवस्था नहीं की है। पूरे निर्माण क्षेत्र में न तो पर्याप्त साइन बोर्ड लगाए गए हैं और न ही रात में चमकने वाले रिफ्लेक्टर, ब्लिंकर लाइट या चेतावनी संकेत लगाए गए हैं। रात के समय दृश्यता बेहद कम हो जाती है ऐसे में बिना किसी चेतावनी या सुरक्षा व्यवस्था के अधूरी सड़क पर वाहन चलाना जान जोखिम में डालने जैसा है। कुछ दिन पहले ही राजपुर तहसील के पास एक ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है। इसके बावजूद निर्माण एजेंसी द्वारा न तो फ्लैगमैन की तैनाती की जा रही है और न ही रात में लाल-हरी झंडी या एलईडी रॉड के जरिए यातायात नियंत्रित किया जा रहा है। सड़क की खुदाई के कारण पूरे मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। इन गड्ढों में फंसकर दोपहिया और चारपहिया वाहन आए दिन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। ठेकेदार द्वारा पानी छिड़काव के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार शाम के समय सरगुजा सर्विस स्टेशन से थाना चौक तक ही थोड़ा-बहुत पानी डाला जाता है, जबकि गेउर नदी पुल से लेकर तहसील कार्यालय तक का पूरा इलाका धूल से ढंका रहता है। दुकानों के बाहर रखा सामान, घरों के भीतर की वस्तुएं और यहां तक कि पीने का पानी तक धूल से खराब हो रहा है।

**खास बात**

■ ठेकेदार पर काम में लेट-लतीफी का आरोप

#### अधिकारियों से करेंगे चर्चा

भाजपा जिलाध्यक्ष बलरामपुर ओमप्रकाश जायसवाल ने कहा कि कार्य धीमा गति से हो रहा है। कलेक्टर और एनएच 343 के अधिकारियों से बात करेंगे और कार्य में प्रगति लाने को कहेंगे। यहां के लोगों को धूल व गड्ढों से निजात मिल सके। सरकार की जो मनसा है लोगों को आवागमन की सुविधा अच्छे सड़क के माध्यम से मिले।



#### ठेकेदार काम में लाएं तेजी

पूर्व विधायक डॉ. प्रीतम राम ने कहा कि यह सड़क हजारों लोगों की जीवनरेखा है। धूल और गड्ढों से लोगों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है, जो अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने ठेकेदार को चेतावनी देकर निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग की।



#### अधिकारियों से हुई है बात

भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मुकेश गुप्ता ने कहा कि एनएच के उच्च अधिकारियों से बात कर कार्य को गति देने हेतु कहा गया है। आबादी क्षेत्र में जहां-जहां कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है उन सभी जगह पर कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ करने हेतु भी कहा गया है ताकि बरसात के दिनों में यहां के लोगों को निजात मिल सके।



#### हो रही है खाना पूर्ति

नवनियुक्त कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष नीरज तिवारी ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य की गति काफी धीमी है सड़क निर्माण के नाम पर सड़क के किनारे जगह जगह गड्ढे खोदकर छोड़ दिया गया है। कोई भी सुरक्षा सूचक बोर्ड तक नहीं लगाया गया है जिससे दुर्घटनाओं की संभावना हमेशा बनी रहती है सड़क पर उड़ने वाले धूल से भी लोगो घर के बाहर रहना दूभर हो गया है। पानी छिड़काव के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है।

#### दिए गए है निर्देश

धीमा गति से कार्य किया जा है। कांट्रेक्टर को शीघ्र तेज गति लाने हेतु निर्देश दिया गया है। उच्च अधिकारियों द्वारा निरंतर कार्य प्रगति की समीक्षा की जा रही है। ठेकेदार को तेज गति लाने हेतु निर्देश दिया गया है।

-**निखिल लकड़ा**, एसडीओ एनएच 343

## मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की पहल, 31 को राज्य स्तरीय करियर मार्गदर्शन मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर





छत्तीसगढ़ की सुशासन सरकार के विजन सुरक्षित और सफल भविष्य को साकार करने की दिशा में महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की पहल पर जिले में राज्य स्तरीय करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। 31 जनवरी को भटगांव ग्राउंड में कपिध्वज - करियर गाइडेंस कार्यक्रम का भव्य आयोजन होगा, जिसमें 6 हजार से अधिक विद्यार्थी भाग लेकर राष्ट्रीय स्तर के करियर विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं, करियर चयन और लक्ष्य निर्धारण के लिए समय पर सही दिशा देना है। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि सरकार का संकल्प है कि प्रदेश का हर छात्र सही मार्गदर्शन पाकर अपने सपनों को साकार कर सकें। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में देश के प्रसिद्ध शिक्षाविद, फिजिक्स गुरु एवं मोशन एजुकेशन कोटा के संस्थापक नितिन विजय विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे। वे प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के सूत्र, करियर प्लानिंग और आत्मविश्वास निर्माण पर अपने अनुभव साझा करेंगे। इस राज्य स्तरीय आयोजन में जिले सहित आसपास के क्षेत्रों के स्कूल एवं कॉलेजों के विद्यार्थी शामिल होंगे। जिला प्रशासन एवं कपिध्वज टीम द्वारा कार्यक्रम को सुव्यवस्थित और प्रेरक बनाने हेतु तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। यह आयोजन न केवल सूरजपुर बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा और प्रदेश को शैक्षणिक सशक्तिकरण की नई दिशा प्रदान करेगा।

■ फिजिक्स गुरु नितिन विजय देंगे छात्रों को सफलता का मंत्र

## जनहित की खबर बनी विवाद की वजह पत्रकार को जान से मारने की धमकी



**भैयाथान/ सलका अघिना।** जनहित में समाचार प्रकाशित करना एक निजी चैनल के पत्रकार को उस समय भारी पड़ गया, जब समाचार से नाराज़ एक व्यक्ति ने पत्रकार को जान से मारने की धमकी दे दी। मामला भैयाथान थाना क्षेत्र का है, जहां पीड़ित पत्रकार ने समस्त पत्रकार साथियों के साथ थाने में एफआईआर दर्ज कराने हेतु लिखित आवेदन सौंपा।

जानकारी के अनुसार गणतंत्र दिवस को आंगनबाड़ी केंद्र झिलमिली (ब) में राष्ट्रीय ध्वज नहीं फहराने की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा दी गई। जिस पर निजी चैनल के पत्रकार ने मौके पर पहुंचकर वस्तुस्थिति से अवगत होने के पश्चात तथ्यों के आधार पर जनहित समाचार का प्रकाशन किया। समाचार प्रकाशित होने के अगले दिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पुत्र गौतम यादव द्वारा पत्रकार के पास पहुंचकर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़ित पत्रकार ने समस्त पत्रकारों की उपस्थिति में थाना भैयाथान पहुंचकर लिखित आवेदन दिया और आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी भैयाथान नसीमुद्दीन अंसारी ने बताया कि प्रकरण की निष्पक्ष जांच की जा रही है और जांच के उपरांत जो भी दोषियों के विरूद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी। इधर पत्रकार की शिकायत के आधार पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने भी प्रकरण पर संज्ञान लेते हुए शिक्षक गौतम कुमार यादव को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। संबंधित शिक्षक को दो दिवस के भीतर स्वयं उपस्थित होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

## नशे के सौदागर को दस साल की कैद

**सूरजपुर।** विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट ने नशे के कारोबार में लिप्त आरोपी को दी 10 वर्ष की सश्रम कारावास एवं 1 लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। जानकारी के अनुसार 9 अप्रैल को कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम देवनगर नावापारा निवासी मो. इस्माईल अंसारी अपने घर के पास में नशीली दवाइयों की बिक्री कर रहा है। सूचना की तस्दीक व कार्रवाई हेतु पुलिस मौके पर पहुंची जहां मो. इस्माइल अंसारी आ. स्व. रमजान अंसारी (32 वर्ष) के कब्जे से कुल 365 नग नशीली इंजेक्शन जब्त किया गया। मामले में नशीली इंजेक्शन जब्त कर धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया था। मामले के विवेचक एएसआई सुमंत पांडेय द्वारा प्रकरण में पुख्ता साक्ष्य संकलित कर आरोप पत्र विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट न्यायालय में पेश किया। इस मामले की सुनवाई न्यायाधीश मानवेन्द्र सिंह विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट के यहां हुई। न्यायालय ने मामले की सुनवाई पूरी करते हुए प्रकरण के समग्र तथ्यों, गवाहों के कथनों, एफएसएल रिपोर्ट के आधार पर अपराध सिद्ध होने से आरोपी मो. इस्माईल अंसारी को धारा 21(सी) के आरोप में दस वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1 लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।



## नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिन निकाली गई भव्य कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिवस नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। सुबह से ही वातावरण हरि नाम संकीर्तन, शंखनाद, ढोल-नगाड़ों और जयघोष से गूंज उठा।

स्थानीय पक्की तालाब से पवित्र जल भरकर सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण किया, वहीं युवाओं की टोली भगवा ध्वज लेकर नगर भ्रमण में शामिल हुए। गाजियाबाद से आए ढोल-नगाड़ों की टोली, आकर्षक झांकियां और भव्य आतिशबाजी ने इस कलश यात्रा को शोभायात्रा का दिव्य स्वरूप प्रदान किया। कलश यात्रा राजघराना चौक, कदमपारा चौक,कॉलेज चौक, बस स्टैंड होते हुए थाना चौक से कथा पंडाल स्टेडियम ग्राउंड में सम्पन्न हुई। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भक्तों का स्वागत किया। मुख्य यजमान छोटेलाल जायसवाल एवं श्रीमती कौशल्या जायसवाल रहे। कथा प्रवक्ता आचार्य सदानंद महाराज, श्रीधाम वृंदावन मथुरा के मुखारविंद से कथा का रसपान कराया जा रहा है। प्रथम दिवस आचार्य ने श्रीमद् भागवत महापुराण की महिमा, उसकी उत्पत्ति, शुकदेव-परिक्षित संवाद एवं कथा श्रवण के आध्यात्मिक महत्व को सरल एवं भावपूर्ण शब्दों में समझाया। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत केवल ग्रंथ नहीं, यह जीवन जीने की कला है, जो मानव को भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की ओर ले जाती है। आयोजकों ने बताया कि आगामी नौ दिनों तक श्रद्धालु श्रीमद् भागवत कथा के विभिन्न प्रसंगों ध्रुव-प्रहलाद चरित्र, श्रीराम एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, गोवर्धन पूजा, महारास, रुक्मणी विवाह, सुदामा चरित्र का रसपान करेंगे। समापन अवसर पर हवन-पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे का आयोजन होगा। इस दौरान अंबिका जायसवाल, राजेश जायसवाल, रुचि जायसवाल, ज्योति जायसवाल, रंभा जायसवाल, राजेश गुप्ता, मुकेश तायल, आनंद शुक्ला, लवकेश पैकरा, विनोद जायसवाल, कमलेश गुप्ता, संतोष जायसवाल, राजेश कश्यप, वासुदेव पांडे, संतोष सिंह, हरिशंकर गर्ग, अंकुर जायसवाल, अजय जायसवाल, लक्ष्मी गुप्ता, अभिषेक, पप्पल, विक्रम नामदेव, राहुल तिवारी, शाहिद सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## अवैध रेत उत्खनन व परिवहन करते 2 ट्रैक्टर वाहन जब्त

**बलरामपुर।** कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने जिले में खनिज के अवैध उत्खनन को रोकने के लिए उत्खनन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश एसडीएम एवं खनिज विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। जिसके तहत राजस्व टीम द्वारा अवैध उत्खनन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वाड्रफनगर नीरनिधि नन्देहा के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा अवैध उत्खनन व परिवहन करने वालों पर कार्रवाई की गई। टीम द्वारा ग्राम कैलाशपुर में मोरान नदी में रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते पाए जाने पर 2 ट्रैक्टर वाहन को जब्त कर चौकी वाड्रफनगर को सुपुर्द किया गया।

## पूर्व उप मुख्यमंत्री सिंहदेव का नगर आगमन कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

**सूरजपुर।** पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का जिला आगमन होने पर जगह जगह स्वागत किया गया साथ ही कार्यकर्ताओं से भेट मुलाकात कार्यक्रम आयोजित किया गया सर्वप्रथम पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अश्विनी सिंह के निवास पर कार्यकर्ताओं से भेट मुलाकात व एनएसयूआई द्वारा आयोजित छात्र कौशल प्रतियोगिता का पोस्टर विमोचन किया गया। इसके पश्चात ग्राम पर्री में कार्यकर्ताओं से भेट मुलाकात,वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजेन्द्र गोयल के निवास पर कार्यकर्ताओं से भेट मुलाकात, देवनगर मंडी का निरीक्षण, ग्राम कल्याणपुर में स्वागत,पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े के निवास पर कार्यकर्ताओं से भेट मुलाकात,कंचन नगर में स्वागत, प्रेमनगर में माता कर्मा चौक का उद्घाटन,चंदननगर में पूर्व जनपद उपाध्यक्ष तुलसी यादव के निवास पर भेट मुलाकात एवं चंदन नगर में फुटबॉल के समापन अवसर पर शामिल हुए। पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के साथ खेलसाय सिंह, प्रेमसाय सिंह, पारस नाथ राजवाड़े, शफी अहमद, भगवती राजवाड़े, राजकुमारी शिव भजन मरावी भी दौरे में शामिल रहे। श्री सिंहदेव ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन को मजबूत करने की बात कही। इस दौरान जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राजीव सिंह, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज डालमिया आदि शामिल रहे।



## युवाओं ने ग्रहण की कांग्रेस की सदस्यता, पट्टिका पहनाकर किया गया स्वागत



कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ नवप्रवेशित कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य आदित्येश्वर शरण सिंहदेव एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक की उपस्थिति में बुधवार को संख्या में युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। अम्बिकापुर शहर के बड़े जिम संचालक राकेश अग्रवाल के नेतृत्व में कांग्रेस ज्वाइन करने आए इन युवाओं को कांग्रेस की पट्टिका पहनाकर आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने पार्टी में इनका स्वागत किया।

शामिल होने आये युवाओं ने एक एक कर अपना परिचय देते हुए यह कहा की देश के युवाओं के प्रति राहुल गांधी की सोच एवं पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के नेतृत्व क्षमता से प्रभावित होकर सभी ने कांग्रेस ज्वाइन करने का फैसला किया। उन्हें संबोधित करते हुए श्री सिंहदेव ने कहा कि इस बात की ख़ुशी है कि युवा जेनजी को कांग्रेस की विचारधारा पसंद आ रही है। उनसे चर्चा में उनके राजनीतिक रुझान को समझने में बड़ी मदद मिली है। हमें पूरी उम्मीद है कि इन युवाओं के कांग्रेस प्रवेश से पार्टी को मजबूत करने में मदद मिलेगी। इस दौरान श्री हेमंत सिन्हा, मो इस्लाम, रामविनय सिंह, विनय शर्मा, इंद्रजीत सिंह धंजल, विनीत विशाल जायसवाल, लोकेश कुमार, राकेश सिंह, गुरूप्रीत सिंह, नरेंद्र विश्वकर्मा,जीवन यादव, चंद्रप्रकाश सिंह, रजनीश सिंह, नीतीश चौरसिया, सतीश बारी, सोहन जायसवाल, शुभम जायसवाल, अविनाश कुमार, मो इमरान आदि मौजूद थे।

#### पूर्व उपमुख्यमंत्री ने बनाया सदस्य


इन युवाओं को जिन सदस्यता फार्म के माध्यम से कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराई गई है उसपर सदस्यता ग्रहण कराने वाले सदस्य के रूप में स्वयं पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने हस्ताक्षर किया है। इन युवाओं के कांग्रेस प्रवेश की को लेकर राकेश अग्रवाल ने 2 दिन पूर्व उनसे चर्चा की थी। पार्टी के आवश्यक बैठक के लिए दिल्ली रवाना होने के कारण आज वो उपस्थित नहीं रह सके। हालांकि उनके हस्ताक्षर युक्त सदस्यता फार्म की पावती राकेश अग्रवाल, राजेश चौधरी, सौरभ सोनी, रुस्तम मिर्जा, देवाशीष मंडल, तौसीफ अहमद, अरुण कुमार, कौशर अहमद, मरकुस लकड़ा, अमन जायसवाल, सुमित चौबे, तौफीक अहमद, मो अलिफ़ पठान, शाहिद राजा, अमान खान, हबीब खान, सैफ खान, मो अयान शेख, मो अयान अंसारी, रविंद्र सिंह, उजियारा सिंह, विकास कुमार, अनीस भगत, अंनत वंशी, मनीष लकड़ा, अरुण सिंह, भरत, प्रभाकर सिंह, विजय सिंह, धीरेंद्र पैकरा, तुषार सिंह, राजन नगेशिया, हारकिशुन, सुभाष कुमार, मनीष पैकरा, आशीष पैकरा, चंद्रकांत सिंह, राजू सिंह, सुधाकर सिंह, जितेंद्र सिंह, रोहित किस्पोट्टा, अलका गुप्ता, खुशबू सिंह, इशिका रॉय, सृष्टि विश्वकर्मा, स्नेहा जायसवाल, रेणु साहू, प्रियंका राजवाड़े, अंशी हालदार आदि पार्टी के नवप्रवेशी सदस्यों को दी गई।

## ग्राम पंचायत पोड़ी में ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

ग्राम पंचायत पोड़ी में ग्रामीण प्रतिभाओं को खेल के माध्यम से आगे बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य मोना सिंह उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं खेल भावना बनाए रखने का संदेश देकर किया गया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को सकारात्मक दिशा देती हैं और छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने का कार्य करती हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच ग्राम पोड़ी सुपर जेंट्स एवं ग्राम गुमगरा की टीमों के मध्य खेला गया। गुमगरा की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पोड़ी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 131 रन का विशाल लक्ष्य खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुमगरा की टीम शुरुआत अच्छी नहीं रही और 84 रन बनाकर आल आउट हो गई जिससे पोड़ी सुपर जेंट्स ने उद्घाटन मैच में जीत दर्ज की। आयोजन समिति के अमन राजा ने बताया कि प्रतियोगिता में आसपास के कई गांवों और अन्य जिला के कुल 16 टीमें हिस्सा लेंगी। इस दौरान उप सरपंच श्रीमती सोनकुमारी, पंच शिवनाथ सिंह, अजय सिंह, अनिल सिंह, अमन, ओमप्रकाश, अनिल देवांगन, बिकी सिंह सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।



# पांचवें दिन 200 करोड़ रुपए पार हुई बॉर्डर-2

**मुंबई।** 23 जनवरी को फिल्म 'बॉर्डर 2' ने सिनेमाघरों में दस्तक दी। तब से ही फिल्म अच्छी कमाई कर रही है। छह दिनों में ही फिल्म का कलेक्शन 200 करोड़ के पार हो गया है। कमाई के मामले में पहले दिन से यह फिल्म 'धुरंधर' का रिकॉर्ड तोड़ रही है। सनी देओल और वरुण धवन की मल्टीस्टारर फिल्म 'बॉर्डर 2' बॉक्स ऑफिस पर हर दिन नए रिकॉर्ड बना रही है। मंगलवार पांचवें दिन इस फिल्म ने 20 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। वहीं, निर्माता ने बॉर्डर-3 बनाने की घोषणा की है।



## लाइफ Style

# रानी
## मां को पिता पर आवाज उठानी चाहिए

रानी मुखर्जी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में रानी मुखर्जी कहती हैं कि पत्नियों को अपने पति पर आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि अब आदित्य से ये मत पूछिएगा कि उनके साथ घर में क्या होता है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


रानी मुखर्जी ने हाल ही में एक बयान दिया है। इस बयान की वजह से कुछ लोग सोशल मीडिया पर रानी मुखर्जी को टारगेट कर रहे हैं। रानी मुखर्जी बता रही थीं कि कैसे लड़कों का व्यवहार इस चीज पर निर्भर करता है कि उनके घरों में उनके पिता उनकी मां के साथ कैसे व्यवहार करते हैं। इस बारे में बात करते हुए रानी मुखर्जी ने कहा कि पत्नियों को अपने पति पर आवाज उठानी चाहिए। रानी मुखर्जी का ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वायरल वीडियो पर रानी मुखर्जी को लोग टारगेट भी कर रहे हैं। एक बातचीत में रानी मुखर्जी ने कहा, 'मुझे लगता है सम्मान घर से शुरू होता है। बहुत आसानी से, जब आप अपने घर पर अपनी मां के साथ बुरा व्यवहार होते देखते हैं, तो लड़के ये सोचने लगते हैं कि अगर मेरी मां के साथ ऐसा व्यवहार हो रहा है तो हर लड़की को इस तरह से ट्रीट किया जा सकता है। मुझे लगता है कि पिता को जिम्मेदार होना चाहिए कि वो अपनी पत्नी को कैसे ट्रीट करते हैं, क्योंकि लड़के वही देखते हुए बड़े होते हैं। अगर आपकी मां को अच्छी तरह ट्रीट किया जाएगा, अगर उन्हें सम्मान मिलता है, लड़कों को समझ आएगा कि लड़कियों का सम्मान करना चाहिए।

## हॉलीवुड मसाला



# अर्नोल्ड वोस्लू का साउथ में डेब्यू...

**मुंबई।** साउथ सिनेमा के सुपरस्टार विजय देवरकोंडा जल्द ही फैंस को एक नया तोहफा देने वाले हैं। उनकी नई फिल्म का नाम 'रणबाली' है, जिसमें वे रश्मिका मंदाना के साथ लीड रोल में नजर आएंगे। टीजर में विजय देवरकोंडा बड़े पावरफुल और इंटेंस लुक में नजर आ रहे हैं। फिल्म में एक्शन, इमोशंस और पीरियड ड्रामा का शानदार कॉम्बिनेशन होगा। सबसे खास बात यह है कि हॉलीवुड की मशहूर फिल्म द ममी के विलन अर्नोल्ड वोस्लू इस फिल्म से साउथ इंडस्ट्री में डेब्यू कर रहे हैं।



# 67 साल पुरानी वो फिल्म, जिसने जीते सबसे ज्यादा ऑस्कर अवॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'बेन-हर' 18 नवंबर, 1959 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें चार्लटन हेस्टन, स्टीफन बॉयड, जैक हॉकिन्स, हाया हरारीत और ह्यू ग्रिफिथ लीड रोल में नजर आए थे। फिल्म ल्यू वालेस का नॉवेल 'बेन-हरः ए टेल ऑफ द क्राइस्ट'पर आधारित है। फिल्म का बजट $15.2 मिलियन ( लगभह 126 करोड़) था और बॉक्स ऑफिस पर इसकी कमाई $146.9 मिलियन (लगभग 1,220 करोड़) हुई। कमाल की बात ये उस दौर में इस फिल्म का ये रिकॉर्ड कोई फिल्म ने तोड़ पाई थी, लेकिन 38 साल बाद यानी 1997 में 'टाइटैनिक'ने 11 ऑस्कर जीतकर 'बेन-हर'का ये रिकॉर्ड तोड़ा था। फिल्म की कहानी यहूदी राजकुमार जुदाह बेन-हर के ईद-गिर्द घूमती है, जिसे उसका रोमी दोस्त मेस्साला धोखे से गुलाम बना देता है। कई सालों की यातनाओं के बाद वो आजाद होता है और न्याय और बदले की तलाश में लौटता है। कहानी विश्वास, मोक्ष, बदला और क्षमा जैसे गहरे विषयों को दिखाती है।



# द केरल स्टोरी-2 का मोशन पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** विपुल अमृतलाल शाह साल 2023 में फिल्म 'द केरल स्टोरी' लेकर आए थे। अब वे इसका सीक्वल 'द केरल स्टोरी 2ः गोज बियॉन्ड! लेकर आ रहे हैं। फिल्म का मोशन पोस्टर बुधवार को रिलीज किया गया है। सीक्वल में एक और खौफनाक कहानी दर्शक देख पाएंगे। यह फिल्म इसी साल फरवरी में रिलीज होगी। फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' का मोशन पोस्टर सनशाइन पिक्चर्स लिमिटेड के इंस्टाग्राम अकाउंट से शेयर किया गया है। इसे देखकर लग रहा है कि सीक्वल में एक बार फिर दर्शक किसी दिल दहला देने वाली कहानी से रूबरू होंगे। इस फिल्म का टीजर 30 जनवरी को जारी किया जाएगा। फिलहाल, आज रिलीज हुए मोशन पोस्टर में कुछ युवतियों के चेहरे दिखाए हैं। दहशत और खौफ उनके चेहरे पर साफ नजर आ रहा है।



# धुरंधर ने तोड़े हिंदी सिनेमा के रिकार्ड

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर'ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया है। यह भारत में 1000 करोड़ रुपए कमाने वाली पहली बॉलीवुड फिल्म बन गई है। आठवें हफ्ते में भी शानदार कमाई करते हुए फिल्म ने केजीएफ चैप्टर 2 को पीछे छोड़ दिया। आदित्य धर के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने न सिर्फ हिंदी सिनेमा के रिकॉर्ड तोड़े, बल्कि साउथ फिल्मों के दबदबे को भी चुनौती दी। धुरंधर की रफ्तार अभी थमती नजर नहीं आ रही। धुरंधर अब 1000 करोड़ी क्लब में शामिल होने वाली तीसरी फिल्म बन गई है। लेकिन, बॉलीवुड (हिंदी) की पहली फिल्म। अन्य दो फिल्मों में साउथ की पुष्पा 2 और बहुबली 2 है। आठवें हफ्ते में भी फिल्म की कमाई थमने का नाम नहीं ले रही। आठवें वीकेंड पर धुरंधर ने भारत में करीब 2.9 करोड़ रुपए नेट कमाए।

## टीवी मसाला



# पोपटलाल से शादी के लिए होने वाली दुल्हन ने रखी शर्त

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में कई साल से पत्रकार पोपटलाल की शादी का इंतजार किया जा रहा है। कई बार ऐसा संयोग बना कि पोपटलाल की शादी होगी, पर कोई न कोई अड़चन आ गई। अब एक बार फिर पोपटलाल की शादी का संयोग बना है और पूरी टीम जयपुर में हैं। यहां पतंग महोत्सव चल रहा है और इसके तार पोपटलाल की शादी से जुड़े हुए हैं। इस पतंग महोत्सव में पोपटलाल की शादी का क्या ट्विस्ट, इसकी झलक मेकर्स ने प्रोमो में दिखाई है। दरअसल, पत्रकार पोपटलाल को शादी के लिए दुल्हन मिल चुकी है, और उसका नाम बबली है, पर उसने शादी के लिए एक शर्त रखी है और उसी शर्त में पोपटलाल की किस्मत बंधी है। पोपटलाल ने भी शर्त स्वीकार कर ली है और कहा है कि वह बबली को मिसेज पोपटलाल बनाकर गोकुलधाम सोसाइटी लेकर जाएंगे। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को जो प्रोमो आया है, उसमें पतंग महोत्सव का माहौल दिखाया गया है। बताया जाता है, 'आज ये नीला आसमान गवाह बनेगा एक ऐतिहासिक युद्ध का। बबली कुमारी ने चैलेंज किया है कि जो भी उनकी पतंग काटेगा, उससे वो शादी करेगी। पोपटलाल इस शर्त को मानने के लिए तैयार हो जाते हैं। वह बबली की पतंग काटने का चैलेंज स्वीकार कर लेते हैं। उन्हें खुद पर इतना विश्वास है कि पतंग वही काटेंगे और इसलिए शेरवानी पहनकर दूल्हा बनकर पतंग महोत्सव में पहुंच जाते हैं।' वैसे हाल ही के एपिसोड में पोपटलाल, बबली के पास जाकर इस बारे में बात करते दिखे थे।

## द 50 के पहले ही दिन एलिमिनेट हुआ एक सदस्य

**नई दिल्ली।** रियलिटी शोज 'द 50' रविवार, 1 फरवरी से जियोहॉटस्टार और कलर्स टीवी पर शुरू होने जा रहा है। लेकिन, इसकी शूटिंग 26 जनवरी से ही शुरू हो गई है। और कंटेस्टेंट्स ने पहला टास्क भी कर लिया है और



उसमें से एक सदस्य एलिमिनेट भी हो चुका है। साथ ही शो में 10 कैप्टन भी बनाए गए हैं और टीमों को पांच ग्रुप्स में बांट दिया गया है। द 50 की शूटिंग दुबई में नहीं, बल्कि मुंबई के मलाड-मालवानी में बने सेट पर हो रही है। जिस आलीशान महल में सभी 50 कंटेस्टेंट्स रहेंगे, उसकी झलक तो पहले ही दिखाई गई थी। साथ ही हर एक कोने के बारे में भी बताया गया था कि वहां पर किसे फायदा और किसे नुकसान होगा। कहां पर टास्क होगा और कहां पर शांति और सुकून का अनुभव किया जा सकेगा। इस शो के बारे में 'बिग बॉस तक' ने बताया है कि इसमें पहले गेस्ट के रूप में एक दिन के लिए हिमेश रेशमिया आए हैं। साथ ही 10 कैप्टन्स का भी चुनाव किया जा चुका है, जिनके नाम राजकुमार नरूला, राजत दलाल, निक्की तंबोली, फैजु, करण पटेल, उर्वशी ढोलकिया, मोनालिसा, रचित, श्रुतिका अर्जुन और कृष्णा श्रॉफ हैं।

# 10 भाषाओं में गाए 715 गाने अरिजीत ने दो बार की शादी

**मुंबई।** देशभर में 27 जनवरी की रात चारों तरफ हलचल तब मच गई, जब अरिजीत सिंह ने प्लेबैक




सिंगिंग से संन्यास लेने का ऐलान किया। उनके इस फैसले ने सबको चौंका दिया। उनके फैंस को गहरा धक्का भी लगा। हालांकि, वह फिल्ममेकिंग करेंगे। वब अब अपना कॅरियर डायरेक्शन और प्रोडक्शन की फील्ड में बनाना चाहते हैं। वह एक मूवी भी बना रहे हैं, जिसमें अपने बेटे और नवाजुद्दीन सिद्दीकी की बेटी शोरा को लीड रोल में कास्ट कर रहे हैं। हालांकि, इन सबके बीच उनकी निजी जिंदगी के बारे में सर्च किया जा रहा है। उनके बीवी-बच्चों और नेट वर्थ के बारे में लोग गूगल कर रहे हैं। अरिजीत सिंह ने शाहरुख खान, सलमान खान, वरुण धवन, रणबीर कपूर और कार्तिक आर्यन जैसे तमाम बड़े नामों को अपनी आवाज दी है और अपने पूरे करियर में अब तक 122 अवॉर्ड्स जीते हैं, जिसमें से दो नेशनल अवॉर्ड्स शामिल हैं। इन्होंने हिंदी, बंगाली, तेलुगू, तमिल, मराठी, कन्नड़, मलयालम, गुजराती, असमिया, पंजाबी में बतौर प्लेबैक सिंगर करीब 715 गाने गाए हैं और हिंदी-बंगली में 28 गाने कम्पोज किए हैं। अरिजीत सिंह ने दो शादियां कीं। पहली शादी 2013 में 'फेम गुरुकुल' की कंटेस्टेंट रूपरेखा बनर्जी से की थी। लेकिन सालभर के अंदर ही तलाक हो गया था। इसके बाद उन्होंने 2014 में कोयल रॉय से तारापीठ मंदिर में शादी की थी। वह उनके बचपन की दोस्त और पड़ोसी थीं। साथ ही तलाकशुदा थीं और उनकी पहली शादी से एक बेटी भी थी।



# प्लेन क्रैश में बॉलीवुड की इन 3 हस्तियों की गई जान

**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और एनसीपी नेता अजित पवार की बारामती में प्लेन क्रैश में मौत ने पूरे देश को झकझोर दिया है। 66 वर्षीय अजित पवार मुंबई से बारामती जा रहे थे। हालांकि, यह पहली बार नहीं है, जब विमान हादसे में किसी हस्ती की मौत हुई। दरअसल, यह हादसा पुराने जख्मों को कुरेदता है। इससे पहले भी कई सितारे विमान हादसे में जान गंवा चुके हैं।



### सौंदर्या शर्मा

प्लेन क्रैश में जान गंवाने वालों की लिस्ट में पहला नाम 'सूर्यवंशम' फेम एक्ट्रेस सौंदर्या का है। 32 वर्षीय सौंदर्या 17 अप्रैल 2004 को बेंगलुरु के जक्कुर एयरफील्ड से करीमनगर जा रही थीं। विमान टेकऑफ के कुछ मिनट बाद क्रैश हो गया और आग लग गई। जानकारी के अनुसार, उस समय सौंदर्या 7 महीने की प्रेग्नेंट थीं। उनके साथ भाई अमरनाथ, भाजपा कार्यकर्ता रमेश कदम और पायलट जॉय फिलिप्स भी थे। सभी की मौत हो गई थी।

### ओमकार

सुपरहिट फिल्म 'नदिया के पार' में चंदर (सचिन) के बड़े भाई की भूमिका निभाकर लोकप्रिय हुए एक्टर ओमकार की मौत भी प्लेन क्रैश में हुई। वह पत्नी और बच्चों के साथ लंदन जा रहे थे।

### तरुणी सचदेव

चाइल्ड एक्ट्रेस तरुणी सचदेव, जिन्हें 'रसना गर्ल' और फिल्म 'पा' में अमिताभ बच्चन के साथ काम कर खूब लोकप्रियता मिली। उनकी मौत 14 मई 2012 को नेपाल के जोमसोम एयरपोर्ट के पास हुई। 14 वर्षीय तरुणी अपनी 14वें जन्मदिन पर मां के साथ विमान में थीं। विमान क्रैश में उनकी मां का भी निधन हो गया था।

## मणिपुरी फिल्म 'बूंग' को सर्वश्रेष्ठ बाल एवं पारिवारिक श्रेणी में मिला नामांकन

# बाफ्टा 2026 की नॉमिनेशन लिस्ट में 'वन बैटल आफ्टर अनदर' का दबदबा

*नई दिल्ली। बाफ्ट' यानी ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स ने इस साल के नॉमिनेशन की घोषणा कर दी है। इन नामांकनों में माइकल बी जॉर्डन की फिल्म 'सिनर्स' और लियोनार्डो डिकैप्रियो की 'वन बैटल आफ्टर अनदर' को सबसे अधिक नामांकन मिले हैं। जबकि टिमोथी चालमेट की 'मार्टी सुप्रीम' दूसरे स्थान पर रही है। यही नहीं, बाफ्टा की नॉमिनेशन लिस्ट में भारत की मणिपुरी फिल्म 'बूंग' को भी सर्वश्रेष्ठ बाल एवं पारिवारिक फिल्म श्रेणी में नामांकन मिला है। इस बार सबसे ज्यादा 14 नॉमिनेशन लियोनार्डो डिकैप्रियो की 'वन बैटल आफ्टर।*

### वन बैटल आफ्टर अनदर को मिले 14 नॉमिनेशन

बाफ्टा नॉमिनेशन में लियोनार्डो डिकैप्रियो की 'वन बैटल आफ्टर अनदर' ने 14 नॉमिनेशन हासिल किए हैं। ये 'गांधी' के रिकॉर्ड (16 नॉमिनेशन) से सिर्फ दो कम हैं। जबकि 'ऑल क्वाइट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट', 'एटोनमेंट', 'द किंग्स स्पीच' और 'क्राउचिंग टाइगर, हिडन ड्रैगन' के बराबर हैं।

### सिनर्स को 13 और मार्टी सुप्रीम को 11 नॉमिनेशन

इसके अलावा रायन कूगलर द्वारा निर्देशित फिल्म 'सिनर्स' को 13 नामांकन मिले हैं। जिससे निर्देशक और अभिनेता माइकल बी जॉर्डन को पहली बार बाफ्टा में नामांकित होने का मौका मिला है। वहीं 'हैमनेट' और 'मार्टी सुप्रीम' दोनों को 11-11 नामांकन मिले। इसके साथ ही टिमोथी चालमेट लगातार दूसरे साल बाफ्टा के बेस्ट एक्टर की रेस में शामिल हो गए हैं।



### 22 फरवरी को होंगे बाफ्टा

बाफ्टा 2026 अवॉर्ड्स का आयोजन 22 फरवरी को लंदन के रॉयल फेस्टिवल हॉल में किया जाएगा। इन अवॉर्ड्स की होस्टिंग एलन कमिंग करेंगे। फिल्म और टेलीविजन के इन अवॉर्ड्स की गिनती प्रमुख अवॉर्ड्स समारोहों में होती है।

### स्टेलन स्कार्सगार्ड को 74 साल में मिला पहला नामांकन

निर्देशक क्लोई झाओ की फिल्म 'हैमनेट' के साथ अब तक किसी महिला निर्देशक द्वारा सबसे अधिक बाफ्टा नामांकन प्राप्त करने वाली फिल्म बन गई है। 'सेंटिमेंटल वैल्यू' के लिए स्टेलन स्कार्सगार्ड को 74 साल की उम्र में अपना पहला बाफ्टा नामांकन मिला है।

### बूंग को भी मिला नॉमिनेशन

*इस बार के बाफ्टा में भारत की मणिपुरी फिल्म बूंग को भी नॉमिनेशन मिला है। 'बूंग'को सर्वश्रेष्ठ बाल एवं पारिवारिक फिल्म कैटेगरी में नॉमिनेशन मिला है। इस फिल्म का निर्देशन लक्ष्मीप्रिया देवी द्वारा किया गया है। जबकि फिल्म का सह-निर्माण फरहान अख्तर द्वारा भी किया गया है। इसके अलावा डॉक्यूमेंट्री में सेक्शन में फिल्म 'द परफेक्ट नेबर' को भी नॉमिनेशन मिला है। हालांकि, यह एक अमेरिकन डॉक्यूमेंट्री फिल्म है। लेकिन, फिल्म की निर्देशक गीता गंडभीर का भारत से भी संबंध है। अमेरिका के बोस्टन में पली-बढ़ी गीता के पिता साल 1960 में पढ़ाई के लिए अमेरिका चले गए थे।*

## खबर संक्षेप



### पूर्व मुख्यमंत्री से वित्त मंत्री ने की भेंट

**रायगढ़।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमनसिंह से उनके निवास स्थान पर मुलाकात की और आगामी विधानसभा के बजट सत्र, आर्थिक एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक और सकारात्मक संवाद चर्चा की।

### रायगढ़ को मिली साइबर पुलिस थाने की सौगात

**रायगढ़।** साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और आम नागरिकों को त्वरित न्याय दिलाने की दिशा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पुलिस मुख्यालय नया रायपुर से प्रदेश के 8 नवीन साइबर पुलिस थानों का वर्चुअल उद्घाटन कियाए जिसमें रायगढ़ जिला भी शामिल है। पुलिस मुख्यालय नया रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, मुख्य सचिव विकास शील, एसीएस होम मनोज पिंगुआ तथा पुलिस महानिदेशक अरूण सिंह गौतम सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। रायगढ़ जिला मुख्यालय में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में महापौर जीवर्धन चौहान ने कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में रिबन काटकर साइबर थाने का औपचारिक उद्घाटन किया। इसके पश्चात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा रोजनामचा दर्ज कर साइबर थाना संचालन का विधिवत शुभारंभ किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में पूर्व से संचालित साइबर सेल का उन्नयन कर साइबर थाना स्थापित किया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक नासिर खान की नियुक्ति के साथ 16 प्रशिक्षित स्टाफ पदस्थ किए गए हैं। आवश्यकता के अनुसार भविष्य में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

### 63 प्रकरणों का हुआ त्वरित समाधान

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन कार्यालय तथा जिला प्रशासन रायगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में कलेक्ट्रेट स्थित सृजन सभा कक्ष में पेंशन निराकरण एवं वेतन निर्धारण संबंधी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विभिन्न विभागों के लंबित पेंशन प्रकरणों एवं कर्मचारियों के वेतन निर्धारण से जुड़े मामलों का शीघ्र, सरल एवं नियमानुसार निराकरण करना था। शिविर में संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन कार्यालय से सिद्धार्थ गौराहा, श्रीमती सरिता दुबे एवं अरिमर्दन मिश्रा द्वारा विभिन्न विभागों से प्राप्त लंबित पेंशन एवं वेतन निर्धारण प्रकरणों की गहन समीक्षा कर समाधान किया गया। इस दौरान कुल 72 आवेदन प्राप्त हुएए जिनमें से 63 प्रकरणों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गयाए जिससे पेंशनरों एवं कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली।

### ट्रेलर की टक्कर से ट्रैक्टर चालक की मौत

**सुंदरगढ़।** जिले के बिजू एक्सप्रेसवे पर सड़क सुरक्षा की अनदेखी एक बार फिर एक जान ले गई। रसराजपुर मुंडागांव चौक मोड़ के पास कोयले से लदे एक ट्रेलर ने ट्रैक्टर को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान रसराजपुर गांव निवासी बिश्वजीत लाकड़ा 33 के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, बिश्वजीत अपने गांव से धान लेकर कुमबाहाल स्थित राइस मिल में छोड़कर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान जरंगालोई के आगे मुंडागांव मोड़ पर झारसुगुड़ा की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे कोयले से लदे ट्रेलर ने उनके ट्रैक्टर को धक्का मार दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर के बड़े पहिए दबकर पूरी तरह चपटा हो गए। ट्रैक्टर के नीचे दबने से बिश्वजीत की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रेलर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

## शहरवासियों पर पड़ सकता है बोझ, जमीन की गाइड लाइन बढ़ी, अब टैक्स बढ़ने की संभावना

# शहर के हर जोन में बढ़ सकता है प्रापर्टी टैक्स, गाइड लाइन में हो रहा सुधार

**टैक्स बढ़ेगा या नहीं सामान्य सभा में होगी तय**



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जमीन की गाइड लाइन में कीमत बढ़ने के बाद शहरवासियों पर 6 साल बाद प्रापर्टी टैक्स का बोझ बढ़ने की संभावना बढ़ गई है। इसके लिए नगरीय प्रशासन विभाग पूर्व के जारी निर्देशों में संशोधन करने की तैयारी कर रही है। यदि संशोधन हो गया तो मान लिजिए हर जोन में प्रापर्टी टैक्स बढ़ेगी। इसमें वैसे ही कीमत तय होगी जैसे गाइड लाइन में जमीन की रेट होगी। नगरनिगम नगरीय प्रशासन विभाग के निर्देशों का इंतजार कर रहा है। जैसे ही निर्देश आएगा वैसे ही टैक्स बढ़ाने की फाइल भी आगे बढ़ जाएगी। हालांकि टैक्स बढ़ेगा या नहीं इसका अंतिम फैसला तो सामान्य सभा ही करेगी।

बीते 2019 से प्रापर्टी टैक्स में वृद्धि नहीं हुई है। कारण अब तक गाइड लाइन में जमीनों की कीमत भी नहीं बढ़ी थी। जब तक जमीन की कीमतें नहीं बढ़ती तब तक प्रापर्टी टैक्स भी नहीं बढ़ता है। अब जब गाइड लाइन बढ़ गई है तो स्वाभाविक तौर पर शहरवासियों पर टैक्स का बोझ बढ़ने की संभावना बढ़ गई है। दूसरी ओर नगरीय प्रशासन विभाग ने बीते 2021 में एक राजपत्र में एक अधिसूचना प्रकाशित किया था। इसमें किसी भी सूरत में 10 फीसदी से ज्यादा संपत्ति कर में बढ़ोतरी नहीं किया जा सकता था, लेकिन अब इसमें संशोधन की तैयारी नगरीय प्रशासन विभाग कर रही है। संशोधन हो रहा है मतलब सीधा है शहरवासियों पर टैक्स का बोझ बढ़ने वाली है।

**ऐसे होगा रेट तय**

नगर निगम चार जोन में बंटा हुआ है। अभी हर जोन में रेट एक ही है। अब जो जानकारी सामने आ रही है उसके हिसाब से जहां जमीन की जितनी कीमत होगी उसके आधार पर रेट तय होगी। याने हर जोन में टैक्स का स्लैब कम-ज्यादा हो सकती है। इसे ऐसे भी समझा जा सकता है। यदि चक्रधर नगर जोन में निगम की ओर से 20 प्रति स्क्वायर मीटर तय की गई है तो पूरे जोन में इसी रेट पर टैक्स की वसूली होगी। अब इसमें संशोधन होगा तो हर जोन की हर गली में जमीन की जितनी कीमत होगी उसी आधार पर अलग-अलग रेट तय होगी।

**अब तक केवल डिमांड बढ़ रहा था**

गाइड लाइन में कीमत बढ़ती है तभी टैक्स बढ़ती है। अब तक गाइड लाइन में बदलाव हुआ नहीं था तो टैक्स भी नहीं बढ़ी थी। केवल नगर निगम का डिमांड 10 फीसदी बढ़ जाती थी। वह भी वसूली नहीं हो पाती है। हालांकि बीते साल नगर निगम ने प्रदेश भर में वसूली में टॉप किया था। टारगेट से ज्यादा वसूली की गई थी। अभी करीब 12 करोड़ का डिमांड है। इसकी वसूली के लिए दो महीने का समय बाकी है। शहर में जमीन गाइड लाइन काफी ज्यादा बढ़ी है। ऐसे में संपत्तिकर भी अच्छा खासा बढ़ने की बात कही जा रही है।

# 2 तस्करों से 4 किलो गांजा के साथ मोबाइल व नकदी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लैलूंगा एवं जूटमिल पुलिस द्वारा उल्लेखनीय कार्यवाही की गई है। इसी क्रम में थाना प्रभारी लैलूंगा उप निरीक्षक गिरधारी साव के नेतृत्व में ग्राम कुंजारा बस स्टैंड के पास घेराबंदी कर भेखराम यादव निवासी सिहारधार एवं रूपसिंह सिदार को पकड़ा गया। मुखबिर सूचना पर कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों के कब्जे से 4.277 ग्राम गांजा कीमती लगभग 32 हजार रुपए एक मोबाइल फोन एवं 420 रुपए नकद गवाहों के समक्ष जब्त किए गए। आरोपियों के विरुद्ध थाना लैलूंगा में धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर रिमांड पर भेजा गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गिरधारी साव, एएसआई परमेश्वर गुप्ता, आरक्षक संतराम निषाद एवं गोविंद बनर्जी शामिल रहे। वहीं अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए लैलूंगा पुलिस ने मुखबिर सूचना पर सिहारधार निवासी सकीरतन यादव पिता पुस्तम यादव उम्र 42 वर्ष को पाकरगांव जंगल रोड के पास बिना नंबर प्लेटिना मोटरसाइकिल में कच्ची महुआ शराब बिक्री हेतु प्रतीक्षा करते हुए पकड़ा। आरोपी के कब्जे से 45 लीटर हाथ भट्ठी की बनी कच्ची महुआ शराब कीमती लगभग 4,500 रुपए एवं मोटरसाइकिल जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34,2, 59,क के तहत कार्यवाही की गई है। जूटमिल थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत राव के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक दिलदार कुरैशी एवं हमराह स्टाफ द्वारा ग्राम अमलीपाली में अजय रात्रे पिता झुमुक रात्रे उम्र 33 वर्ष के घर रेड कार्रवाई की गई, जहां आरोपी के कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब कीमत लगभग 2 हजार जब्त की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी घर पर शराब संग्रहित कर बिक्री कर रहा है। इसी तरह 27 जनवरी को लैलूंगा पुलिस ने नहरपारा रोड किनारे स्ट्रीट लाइट के नीचे जुआ खेलते तीन जुआरियों अलिम खान, अंकित सारथी एवं उमेश बढ़ाई को घेराबंदी कर पकड़ा। उनके कब्जे से 1,480 रुपए नकद एवं 52 पत्ती ताश जब्त कर थाना लैलूंगा में जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# दो शिला के बीच फंसा हाथी, हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले के विकासखण्ड घरघोड़ा अंतर्गत ग्राम कया अंतर्गत जंगल क्षेत्र में एक हाथी के बच्चे सावक की मृत्यु का मामला सामने आया है। 27 जनवरी की सायंकाल स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सूचना दी गई कि वन क्षेत्र में एक हाथी का बच्चा मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही वन अमला तत्काल मौके के लिए रवाना हुआ, किंतु रात्रि का समय, दुर्गम स्थल तथा मृत हाथी के दल के अन्य हाथियों की आसपास मौजूदगी के कारण उसी समय घटना स्थल तक पहुँचना संभव नहीं हो सका। डीएफओ रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया 28 जनवरी को प्रातःकाल वन अमला आरक्षित वन कक्ष क्रमांक 1310 स्थित घटना स्थल पर पहुंचा और मौके का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मृत हाथी सावक नर है, जिसकी आयु एक वर्ष से कम प्रतीत होती है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि अत्यधिक ढलान वाले क्षेत्र में गिरने के दौरान वह दो बड़ी चट्टानों के बीच की दरार में फंस गयाए जिससे उसे गंभीर आंतरिक चोटें एवं आंतरिक रक्तस्राव हुआ और संभवतः इसी कारण उसकी मृत्यु हुई। वन विभाग द्वारा बताया गया कि वर्तमान में घटना स्थल के आसपास अभी भी हाथियों का दल विचरण कर रहा है, जिस कारण क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरती जा रही है और निरंतर निगरानी रखी जा रही हैए ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। मृत हाथी सावक का विधिवत पोस्टमार्टम पीएम कराए जाने की प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मृत्यु के वास्तविक कारणों की विस्तृत जांच की जाएगी। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे हाथियों की आवाजाही वाले क्षेत्रों में सतर्क रहें और किसी भी प्रकार की सूचना तत्काल वन अमले को दें।

**माइनिंग विभाग ने की कार्रवाई, शहर के अलग-अलग जगहों से किया जब्त**

# अवैध खनन के बाद बिना रायल्टी कर रहे थे परिवहन, 6 हाइवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले में अवैध रेत का कारोबार जमकर चल रहा है। रेत खदानों की नीलामी तो हो गई है, लेकिन अब तक चालू नहीं हो सका है। हालात यह है कि खदानों से अवैध तरीके से हर दिन सैकड़ों घन मीटर रेत निकाली जा रही है। इसका ताजा उदाहरण मंगलवार को देखने को मिला, जब शहर के आसपास अलग-अलग जगहों से माइनिंग विभाग की टीम ने 5 हाइवा और 1 ट्रेलर जब्त किया। इन वाहनों में रेत परिवहन का कोई रायल्टी पर्ची नहीं था। यह रेत मांड नदी से निकालने की जानकारी मिली है।

जिले के रेत घाटों की नीलामी तो हो गई है, लेकिन अब तक चालू नहीं हो सका है। हालात यह है कि सरकारी हो या फिर प्राइवेट दोनों की जरुरतें पूरी करने के लिए अवैध तरीके से हर दिन सैकड़ों ट्राली रेत निकाली जा रही है। ऐसा नहीं है कि माइनिंग विभाग की आंखें बंद है, खुली होने के बावजूद रेत माफियाओं के नेटवर्क के आगे बंद के समान ही है।

चोरी की रेत होने की वजह से 15 सौ ट्राली की जगह 23 से 25 सौ ट्राली बिक रही है। एक वैध खदान संचालित था उसे भी बंद करा दिया गया है। इसके कारण रेत के लिए मारामारी मची हुई है। रेत के अवैध कारोबारी हर दिन 100-200 डंपर रेत निकाल रहा है।

**ऐसे की गई है गाड़ियां जब्त**

मंगलवार को शहर और शहर के आसपास 6 वाहनों को जब्त किया गया है, जिसमें बिना रायल्टी रेत परिवहन किया जा रहा था। इसमें वाहन क्रमांक सीजी 13 बीडी 3799, सीजी 13 बीसी 6950, सीजी 13 बीडी 3800, सीजी 13 बीसी 6951, सीजी 13 बीई 6100 और सीजी 13 बीएच 6558 शामिल है। इन वाहनों में रायल्टी पर्ची नहीं था। इन वाहनों में मांड नदी से रेत निकालकर परिवहन कर रहे थे। संयोग से विभाग की पकड़ में गाड़ियां आ गई। गाड़ी मालिक लेकर दो तीन नाम सामने आ रहा है। खास बात यह है कि खनन स्थल से अब तक कोई गाड़ी पकड़ में नहीं आई है। केवल परिवहन करते ही पकड़ी जाती है।

# जिले के 70 हजार किसानों ने अब तक किया धान बिक्री

**रायगढ़।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत रायगढ़ जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन एवं सतत निगरानी में सुचारू रूप से जारी है।

जिले में कुल 83 हजार 641 पंजीकृत किसानों के विरुद्ध अब तक 70 हजार 544 किसानों द्वारा धान विक्रय किया जा चुका है, जिससे उपार्जन प्रक्रिया की गति और पारदर्शिता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रही है। जिले में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए धान विक्रय हेतु प्राप्त आवेदनों के अनुसार समय-समय पर उपार्जन केंद्रों की दैनिक खरीदी सीमा में वृद्धि की गई है। इसके तहत 53 उपार्जन केंद्रों, 9 उपार्जन केंद्रों एवं 31 धान उपार्जन केंद्रों की दैनिक खरीदी लिमिट बढ़ाई गई है, जिससे किसानों को समय पर टोकन और त्वरित धान विक्रय की सुविधा मिल रही है। जिले में धान के अवैध परिवहन एवं कोचिया.बिचौलियों पर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। सर्वाधिक 193 प्रकरण दर्ज, राज्य में 1 लाख 36 हजार 545.20 क्विंटल धान जब्त तथा 38 परिवहन वाहनों की जब्ती की गई है। साथ ही 225 कोचिया बिचौलियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई हैए जो प्रशासन की सख्ती और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वहींए 5 हजार 449 किसानों द्वारा मैनुअल टोकन जारी करने के लिए प्राप्त आवेदनों में से 5 हजार 12 किसानों का भौतिक सत्यापन पूर्ण कर टोकन जारी कर धान क्रय किया जा रहा है।

# प्रयास विद्यालय के 12 छात्रों को नोटिस, एनएच 49 में किया था चक्काजाम

**एसी ट्रायबल ने किया नोटिस जारी, कारण अब तक नहीं चल सका पता**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

एसी ट्रायबल ने प्रयास विद्यालय के 12 छात्रों को नोटिस जारी किया। इन छात्रों के नेतृत्व में करीब डेढ़ सौ बच्चों ने वहां के प्राचार्य को हटाने की मांग को लेकर मंगलवार को एनएच 49 में करीब दो घंटे चक्काजाम कर दिया था। हालांकि अभी तक इसके पीछे के कारणों का पता नहीं चल सका है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार प्राचार्य द्वारा कुछ ऐसी गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा था, जिससे बच्चों के नाराज होने की आशंका है। हालांकि इसमें भी कोई ऐसी गतिविधि नहीं है जो अवांछित हो। खेल मैदान की सफाई, खेल के साथ कुछ अन्य गतिविधि को बढ़ाने से नाराज होने की जानकारी मिल रही है।



रायगढ़-ओडिशा-बिलासपुर एनएच पर दोनों ओर लग गई थी वाहनों की लंबी कतार

20 दिन पहले प्रयास स्कूल के प्राचार्य ने किया ज्वाइन उनको हटाने बच्चों ने एनएच पर किया चक्काजाम

मंगलवार को सुबह करीब साढ़े 9 बजे गढ़उमरिया स्थित प्रयास आवासीय विद्यालय के करीब डेढ़ सौ स्कूली बच्चों ने एनएच 49 में बैठकर प्रदर्शन किया था। इसमें मुख्य रुप से नेतृत्व करने वाले करीब 12 छात्रों को एसी ट्रायबल श्रीकांत दुबे ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। विभाग की ओर से इस आंदोलन के पीछे किसका हाथ है इसका पता लगाया जा रहा है। चूंकि दो साल हुए इस स्कूल में प्रवेश लेने वाले बच्चे इतनी हिमाकत नहीं कर सकते। इनके पीछे किसी न किसी का हाथ होने की आशंका जताई जा रही है। जो भी हो बच्चों को नोटिस जारी कर वास्तविकता को सामने लाने का प्रयास किया जा रहा है। दूसरी ओर वहां प्राचार्य कौन रहेगा यह तय करना बच्चों का काम नहीं बल्कि प्रबंधन का है। ऐसे में प्राचार्य को हटाने की जिद किस वजह से बच्चों ने किया इसकी भी जांच कराई जा रही है।

**7 जनवरी को ही किया है ज्वाइन**

प्रयास आवासीय विद्यालय के प्राचार्य कामता तिवारी बीते 7 जनवरी को ज्वाइन किया है। ऐसे में केवल 20 दिनों में क्या बातें हो गई कि बच्चों को सड़क पर उतरना पड़ गया। दूसरी ओर वहां पदस्थ सारे शिक्षक बाहर के हैं। ऐसे में कुछ शिक्षकों को निकालने की बात भी सामने आ रही है। इसे भी बच्चों के नाराजगी की वजह बताई जा रही है।

> इस पूरे मामले की वास्तविकता तक पहुंचने के लिए जांच कराई जा रही है। बच्चों का काम है पढ़ाई करना और उनकी पूरी सुविधाएं देना विभाग का काम है। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व करने वाले कुछ बच्चों को नोटिस जारी की गई है।
>
> **श्रीकांत दुबे**
> एसी आदिवासी विकास विभाग

## पृष्ठ 1 का शेष

### एबीपीवी ने दिया ...

सिंह के द्वारा आभार व्यक्त किया गया और कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई। कार्यक्रम में अभाविप कार्यकर्ता अरविंद सिंह, सत्यपाल सिंह, ललेश्वर सिंह, सुरेश राम, शत्रुघन राम, तुलसी सिंह, बलभद्र सिंह, भानू सिंह, पार्थ रजक, जय हो वालेंटियर नेहा एक्का, ग्राम से अजय सिंह विद्यालय से सर डॉ. मिथलेश पाठक, एवं सभी शिक्षक तथा भारी संख्या में छात्र-छात्राओं की गरिमामय उपस्थिति बनी रही।

### महुआ से बनाई ...

महुआ फूलों को नियंत्रित तापमान में तेज़, समान और स्वच्छ तरीके से सुखाया जा सकता है। इससे महुआ की गुणवत्ता, रंग, सुगंध और पोषण तत्व सुरक्षित रहते हैं तथा दीर्घकालीन भंडारण संभव होता है। यह प्रणाली वर्षा, धूल और कीटों से सुरक्षा प्रदान करती है और पूरी तरह सौर ऊर्जा आधारित होने के कारण पर्यावरण-अनुकूल भी है। महुआ फूलों के साथ-साथ परियोजना के अंतर्गत विभिन्न वनौषधियों (वनोपज) के निर्जलीकरण पर भी विशेष प्रशिक्षण दिया गया। आदिवासी महिला लाभार्थियों को गिलोय और अड़ूसा जैसी महत्वपूर्ण वन औषधियों के वैज्ञानिक और स्वच्छ निर्जलीकरण का व्यावहारिक प्रशिक्षण एवं लाइव डेमोंस्ट्रेशन कराया गया। इसके अलावा पालक जैसी मौसमी सब्ज़ियों के निर्जलीकरण का भी प्रदर्शन किया गया। परियोजना के तहत आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सुरक्षित हैंडलिंग, ट्रे लोडिंग, नमी नियंत्रण और भंडारण की वैज्ञानिक विधियों पर विशेष जोर दिया गया, जिससे वन एवं कृषि उत्पादों की गुणवत्ता बनी रहे और उनका उपयोग लंबे समय तक किया जा सके। यह उल्लेखनीय है कि डॉ. प्रसन्ना कुमार जीवी पिछले तीन वर्षों से जशपुर जिले के साथ निरंतर कार्य कर रहे हैं, और खाद्य प्रसंस्करण एवं तकनीकी क्षमता निर्माण से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनकी दीर्घकालिक सहभागिता के कारण यह परियोजना स्थानीय जरूरतों और अनुभवों पर आधारित एक व्यावहारिक मॉडल के रूप में विकसित हो रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इस प्रकार की निर्जलीकरण प्रणालियां योजनाबद्ध ढंग से उन क्षेत्रों में स्थापित की जाए, जहां महुआ, वनौषधियाँ और अन्य कृषि-वन उत्पाद संग्रह के बाद नष्ट हो जाते हैं, तो यह अपव्यय में कमी, खाद्य-ग्रेड संग्रह और आदिवासी आजीविका को सशक्त बनाने में निर्णायक भूमिका निभा सकती हैं। जशपुर में चल रही यह परियोजना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण उदाहरण के रूप में देखी जा रही है।

### उद्यानिकी नवाचारों से ...

विभागीय समन्वय और किसानों की सक्रिय भागीदारी से जिले को उद्यानिकी विकास का मॉडल बनाया जा सकता है। उन्होंने किसानों को अधिक से अधिक केंद्र एवं राज्य शासन की योजनाओं से जोड़ने पर जोर दिया। ऑयल पाम और आम से किसानों को मिल रहा दोहरा लाभ - इसके बाद ग्राम हर्राडीपा, जशपुर में कृषक अनारथ साय के प्रक्षेत्र का भ्रमण किया गया। यहां नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयलदृऑयल पाम एवं समेकित उद्यान विकास योजना के अंतर्गत 17 एकड़ क्षेत्र में रोपित ऑयल पाम एवं आम के पौधों का निरीक्षण किया गया। कृषक ने बताया कि विभागीय योजनाओं के तहत अनुदान सहायता प्राप्त होने से वे भविष्य में अन्य उद्यानिकी फसलों का भी क्षेत्र विस्तार करना चाहते हैं।

# पुसौर नगर पंचायत मे गजब खेल नाली निर्माण बगैर ढाई लाख आहरण

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर में बगैर निर्माण राशि आहरण का सिलसिला थ नहीं रहा है। इसके पूर्व वार्ड क्रमांक 1-2 में बगैर आरसीसी नाली निर्माण राशि आहरण के शिकायत की पुष्टि हुई थी। अब इसी कड़ी में दूसरी नाली वार्ड क्रमांक 14 का है जो मुख्य सडक से लक्ष्मी चौहान के घर तक होना था। दस्तावेजी सूत्र बताते हैं कि तात्कालीन समय में सब इंजीनियर अजय प्रधान एवं सीएमओ क्षितिज सिंह रहे और इस कार्य को ठेकेदार उमाचरण गुप्ता द्वारा किया गया था।

जिसमें उमाचरण गुप्ता को नगर पंचायत पुसौर द्वारा 21 नवंबर को 2 लाख 39 हजार 523 रूपए भुगतान हुआ तथा दुसरी किश्त 12 सितंबर 23 को 13 हजार 204 रूपए भुगतान हुआ। नगर पंचायत के लोगों के मुताविक कितने निर्माण कार्य ऐसे हैं जो पूरा हुए बिना उसका पूरा भुगतान हो गया है। इसमें से बाजार परिसर स्थित मंगल भवन है जिसमें अब भी आठ लाख से शेष निर्माण कार्य कराया जाना है जिसमें पानी टंकी, वायरिंग आदि शामिल है।







